**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
# विजडम इंडिया
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 130 लखनऊ, शनिवार 23 दिसंबर 2023 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## कांग्रेस मे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिलने पर आभार व्यक्त किया



संवाददाता।
अयोध्या। सूत्रों ने कहा कि खरगे, गांधी और चौधरी को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजा गया था। समारोह के लिए पूर्व प्रधानमंत्रियों मनमोहन सिंह और एच.डी. देवेगौड़ा को भी निमंत्रण मिला है। कांग्रेस ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पार्टी के शीर्ष नेताओं के शामिल होने या न होने के बारे में बृहस्पतिवार को अपना रुख स्पष्ट नहीं किया। हालांकि पार्टी ने कहा कि वह निमंत्रण के लिए आभारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। सूत्रों ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उन्हें निमंत्रण भेजा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि क्या पार्टी नेता समारोह में शामिल होंगे, इसपर उन्होंने कहा, "आपको पार्टी के रुख के बारे में पता चल जाएगा। आपको शिरकत के बारे में 22 जनवरी को पता चल जाएगा।" वेणुगोपाल ने कहा, "उन्होंने हमें आमंत्रित किया है, हमें आमंत्रित करने के लिए हम उनके बहुत आभारी हैं। देखते हैं।" सूत्रों ने कहा कि खरगे, गांधी और चौधरी को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजा गया था। समारोह के लिए पूर्व प्रधानमंत्रियों मनमोहन सिंह और एच.डी. देवेगौड़ा को भी निमंत्रण मिला है। सूत्रों ने कहा कि निमंत्रण ट्रस्ट से जुड़े लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिया गया था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण भेजे जाने की संभावना है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू



एजेंसी।
जम्मू-कश्मीर सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारी जमीनी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। माना जा रहा है कि तीन से चार की संख्या में आतंकवादियों ने पहाड़ों से सेना के वाहनों को निशाना बनाने के लिए इस क्षेत्र को चुना। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बृहस्पतिवार को हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिकों के शहीद होने तथा दो अन्य के घायल होने के बाद सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को इलाके के वन क्षेत्र में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।एक अधिकारी ने कहा कि इलाके की हवाई निगरानी भी की जा रही है तथा आतंकवादियों का पता लगाने के लिए श्वान दस्ते को भी लगाया गया है। एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इलाके में रात की घेराबंदी के बाद आज सुबह व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को सैन्यकर्मियों को एक घेराबंदी और तलाशी अभियान स्थल पर ले जा रहे वाहनों पर सुरनकोट थाना क्षेत्र में ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर अपराह्न करीब पौने चार बजे हमला किया गया। उन्होंने बताया कि ढेरा की गली (डीकेजी) रोड को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारी जमीनी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। माना जा रहा है कि तीन से चार की संख्या में आतंकवादियों ने पहाड़ों से सेना के वाहनों को निशाना बनाने के लिए इस क्षेत्र को चुना। अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद आतंकियों ने कथित तौर पर कम से कम दो सैनिकों के शवों को क्षत-विक्षत कर दिया और उनमें से कुछ के हथियार लूट लिए।

## सेना के जवानों को समर्पित फिल्म 'वी सेल्यूट यू' देशभक्ति के जज्बे का अद्भुत उदाहरण- डॉ0 संदीप

अभिनय क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं के सहयोग का संदीप सरावगी ने लिया संकल्प

विकास शर्माध राशिद पठान झांसी

झाँसी। इन दिनों बॉलीवुड में बुंदेलखण्ड का नाम काफी तेजी से प्रसारित हो रहा है बॉलीवुड में कई कलाकार झाँसी और आसपास के क्षेत्र से निकलकर बुंदेलखण्ड का नाम रोशन कर रहे हैं। चाहे वह अभिनय क्षेत्र हो, निर्देशन क्षेत्र हो या किसी फिल्म और टीवी सीरियल में पर्दे के पीछे काम करने वाले लोग। बुंदेलखण्ड के कोंच निवासी अशोक प्रजापति जो वर्तमान में कृष्णा एंक्लेव में निवास कर रहे हैं ने एक मूक फिल्म ष्वी सेल्यूट यूष में निर्देशन किया है, यह फिल्म अशोक प्रजापति द्वारा ही लिखी गई है। जिसे हाल ही में खजुराहो



इंटरनेशनल फेस्टिवल में काफी सराहा गया, यह फिल्म सेना के उन वीर जवानों को समर्पित है जो युद्ध लड़ते हुए दिव्यांग हो गए इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य ऐसे सैनिकों एवं उनके परिवारों का उत्साहवर्धन करना है। कोंच निवासी अशोक प्रजापति चीफ वेल्फेयर इंस्पेक्टर के रूप में रेलवे में सेवाएं दे चुके हैं। बचपन से ही अभिनय और निर्देशन में इनकी रुचि रही है, सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपना पूरा समय सिनेमा जगत को समर्पित कर दिया। उन्होंने बाजी, अपने दम पर जैसी बड़ी फिल्मों में भी अपने अभिनय का प्रदर्शन किया है। उनकी आगामी फिल्म ष्बच्चे मन के सच्चेष जल्द ही लाँच होने वाली है। वी सेल्यूट यू फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर रिजवान कौंच, एडिटर कपिल नामदेव, कैमरामैन सुशील और आर्टिस्ट के रूप में अनीता द्विवेदी, अमित प्रजापति, ममता नांगल, कुमारी आराध्या, जे०एस० त्रिपाठी, रानी प्रजापति, आदेश पटेरिया, सुमित नारायण, अनिल दीपक, आई०के० पांडे, मुन्ना परिहार आदि ने काम किया है। अशोक प्रजापति पूरी टीम के साथ संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे जहाँ सभी ने फिल्म वी सेल्यूट यू देखकर फिल्म की कहानी और अभिनय की सराहना करते हुए भारत माता की जय के नारे लगाये। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी ने कहा बुंदेलखंड अपार प्रतिभाओं का धनी है प्राचीन समय में कई ऋषि, मुनियों ने यहां ज्ञान प्राप्त किया। खेल और शिक्षा क्षेत्र में भी कई लोगों ने नाम रोशन किया है अब अभिनय क्षेत्र में भी बुंदेलखंड बॉलीवुड में उभर कर आ रहा है। यहां कई बड़ी फिल्मों का निर्माण हुआ है और यहां के कई कलाकारों ने अपने अभिनय का प्रदर्शन कर बॉलीवुड में बुंदेलखंड का लोहा मनवाया है। हमारे बड़े भाई अशोक प्रजापति ने भारतीय सेना के वीरों को समर्पित एक शॉर्ट फिल्म बनाई है जिसका नाम ष्वी सेल्यूट यूष है। वैसे तो यह मूक फिल्म है लेकिन जब भी कोई दर्शक इस फिल्म को देखेगा तो वह शांत नहीं बैठ पाएगा। अशोक भईया ही इस फिल्म के राइटर डायरेक्टर और प्रोड्यूसर हैं उनको मैं नमन करता हूं साथ ही इस लघु फिल्म में काम करने वाले सारे कलाकारों को मेरा सैलूट है। अशोक भईया जैसे कलाकारों को देखकर अब संघर्ष सेवा समिति अभिनय के क्षेत्र में बुंदेलखंड का नाम बढ़ाने के लिए भी कार्य करेगी जो भी कलाकार फिल्मों में काम करने का इच्छुक हो और खुद को इस योग्य समझता हो तो वह हमारे कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर भेल यूनियन अध्यक्ष उमेश प्रजापति एवं संघर्ष सेवा समिति से कौसर जहां, पूजा रायकवार, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, बसंत गुप्ता, ललित रायकवार, प्रदीप राजपूत आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## संजय सिंह के खिलाफ मामला वास्तविक है, कोर्ट ने कहा- मनी लान्ड्रिंग के पर्याप्त सबूत



एजेंसी।
नई दिल्ली संजय सिंह के वकीलों ने अदालत से कहा कि उनके खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित है और उनके खिलाफ पैसे का कोई मामला नहीं है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा के बयानों पर भरोसा किया जा सकता है। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को शराब नीति मामले में आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि उनके खिलाफ मामला वास्तविक है और प्रस्तुत सबूत कथित मनी लॉन्ड्रिंग में उनकी संलिप्तता दिखाते हैं। प्रस्तुत सामग्री से पता चलता है कि संजय सिंह कथित मनी लॉन्ड्रिंग के माध यम से उत्पन्न प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की आय से जुड़ी प्रक्रिया या गतिविधियों में शामिल थे। इस बीच, संजय सिंह के वकीलों ने अदालत से कहा कि उनके खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित है और उनके खिलाफ पैसे का कोई मामला नहीं है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा के बयानों पर भरोसा किया जा सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती देने वाली संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी। उन्हें 4 अक्टूबर को दिल्ली में उनके घर की तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया था। मामले के संबंध में ईडी द्वारा दायर एक पूरक आरोपपत्र में संजय सिंह को आरोपी बनाया गया है। आरोप पत्र में मामले में छठी शिकायत दर्ज की गई है। ईडी ने आरोप पत्र में आरोप लगाया कि संजय सिंह मामले में साजिश, मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य आरोपियों की मदद करने में शामिल थे। अदालत में, संजय सिंह के वकील, मोहित माथुर ने तर्क दिया कि अपराध ा की आय से निपटते समय, धन का स्पष्ट निशान होना चाहिए और धन का हिसाब देना चाहिए। इससे पहले, माथुर ने तर्क दिया था कि दिल्ली शराब नीति मामले में दायर सभी आरोपपत्रों में, 4 मई को ईडी द्वारा दायर किए गए चौथे आरोपपत्र तक संजय सिंह का कोई उल्लेख नहीं था। उन्होंने सवाल किया कि कैसे संजय सिंह की स्थिति अप्रासंगिक प्रतीत होने से कथित घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता बन गई, जैसा कि ईडी ने आरोप लगाया था।

## सर्दी के बढ़ने के साथ जम्मू-कश्मीर एवं हिमांचल प्रदेश के उत्पाद की बिक्री में हुई बढ़ोत्तरी

संवाददाता। लखनऊ। शहीद पथ स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित हैण्डलूम एक्सपो-2023 (गॉधी बुनकर मेला) जैसे-जैसे आगे बढ रहा है, स्टालों की बिक्री में वृद्धि होती जा रही है। सर्दी के बढ़ने के साथ सर्दियों के आईटम जैसे जम्मू-कश्मीर एवं हिमांचल प्रदेश के उत्पाद जैसे कश्मीरी सूट, फिरन, आकर्षक ऊनी टोपियों, मफलर तथा पश्मीना की अनूठी शालों की बिक्री में बढ़ोत्तरी हो रही है। सर्दी के उत्पादों के अतिरिक्त वाराणसी के आकर्षक बैग्स एवं सिल्क की साड़ी, पश्चिम बंगाल की बेहतरीन बंगाल तात साड़ियां, मुरादाबाद, मेरठ एवं बागपत की सुंदर होम फर्निशिंग व बेडशीट तथा पीलीभीत, बरेली के सुंदर पावदान तथा कानपुर के अनूठे हैंडीक्राफ्ट भी आगंतुको द्वारा काफी पसंद किया जा रहे हैं।उपायुक्त (प्रवर्तन)ध्नेशनल हैण्डलूम एक्सपो के इंचार्ज पी सी ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विकास आयुक्त हथकरघा, भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली एवं आयुक्त एवं निदेशक हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नेशनल हैण्डलूम एक्सपो में हथकरघा बुनकरों के उत्पादों की बिक्री में बढ़ोत्तरी होने से जहां एक तरफ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, वहीं बुनकरों का मनोबल भी बढ़ेगा। बिक्री बढ़ने से स्टाल ध ारकों एवं आयोजकों का उत्साह भी बढ़ा है। लखनऊ में एक्सपो की सफलता को देखते हुए प्रदेश में इस प्रकार के अन्य मेलोध्एक्सपो का भविष्य में और भी आयोजन किया जाएगा जिससे बुनकर उत्पादों से जुड़े हुए लोगों के आय को बढ़ाया जा सके। पी0सी0 ठाकुर, मेला इंचार्ज द्वारा बताया गया कि कल दिनांक 23 दिसंबर 2023 को अपरान्ह 12.30 बजे से हथकरघा बुनकरों हेतु बुनकर समागम का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई स्थानों से हथकरघा बुनकर पधारेगे जिन्हे विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ उनके उत्पादित उत्पाद की त्वरित निकासी, नवीन डिजाईन तकनीक आदि से सम्बन्धित जानकारी विभागीय अध िकारियों द्वारा प्रदान की जाएगी। परिसर में बनाये गये फूड प्लाजा में आगन्तुक बढ़िया लजीज व्यंजनों का भी लाभ उठा रहे है, जिसमें चाट, खस्ता एवं कॉफी एवं चाय की भी काफी मांग है।

## लोकतंत्र विरोधी केंद्र सरकार के खिलाफ आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता झांसी। केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष पर अप्रत्याशित हमला करते हुये दोनों सदनों के 146 सांसदों को सदन से निलम्बित किये जाने के विरोध में शुक्रवार को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल कांग्रेस, सपा और आप के सैकडों कार्यकर्ताओं ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य व पूर्व सांसद डा. चंद्रपाल सिंह यादव, सपा जिलाध यक्ष बृजेन्द्र सिंह व महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं आम आदमी पार्टी के महानगर अध्यक्ष गयादीन कुशवाहा के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार की खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराते हुये जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इसके पूर्व तीनों पार्टियों के कार्यकर्ता गांधी उधान कचेहरी चौराहा पर एकत्रित हुये। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात लोकतंत्र विरोधी व तानाशाह मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरने पर बैठ गये।

धरने को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि लोकतंत्र के मन्दिर संसद भवन में हुई घुसपैठ की घटना पर गृहमंत्री के बयान की मांग करने वाले विपक्षी सांसदों का निलंबन किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह केवल 146 सांसदों के अधिकारों का हनन नही नही बल्कि उन्हे चुनकर भेजने वाली जनता का भी अपमान है। पूर्व सांसद डा. चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में आम आदमी से लेकर विपक्ष के सांसदों तक की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने लहा कि डा. लोहिया ने कहा था कि जब संसद गूँगी और बहरी हो जाये तो अवाम को सड़कों पर उतार कर संघर्ष करना चाहिये। आज यही स्थिति बन गई है। केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ विपक्ष एकजुटता के साथ खड़ा है और लोकतन्त्र विरोध ी मोदी सरकार को झुकाकर ही दम लेगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री अजय सूद, इम्तियाज हुसैन, पुत्तू सिंह कुशवाहा, सुदेश पटेल, इदरीश खान ,बलवान सिंह यादव, अफजाल हुसैन, भरत राय, आशीष रायकवार , विजय कुशवाहा, प्रतिपाल सिंह दाऊ, मोहित पंचोली, शकील खान, आशीष तिवारी, अमीर चंद आर्य , सलमान पारीछा ,चौधरी परवेज, सीमा कुशवाहा, नीता अग्रवाल , सरला भदौरिया, आशिया सिद्धिकी, दीपाली रायकवार ,प्रियंका गुप्ता, इंजी. राजकुमार राव, तुलसी दास कुशवाहा, विजय झंसया, प्रेम बाल्मीकि, राहुल महाल्या , अबरार अली, आकाश यादव , राजकुमार सेन, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, सी डी लिटौरिया, हरवंश लाल, नफीश मकरानी , शहनबाज खान , मीनाज मकरानी , अखलाक मकरानी, शाहरुख खान, मुलायम सिंह रजक, सूरज प्रकाश राय, नूरउद्दीन,रामसेवक, महमूद,रफीक खान, पवन राज , प्रीति श्रीवास, पार्वती चौधरी, राजेश रानी, फरीदा,वीरेंद्र झा आदि मौजूद रहें। धरने का संचालन कांग्रेस शहर अध यक्ष मनोज गुप्ता ने किया और आभार सपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव ने व्यक्त किया।

## के सी जैन मेमोरियल स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का हुआ शुभारंभ

झांसी! नगर के के सी जैन स्कूल में स्व. खेम चन्द्र जैन की पुण्य तिथि के अवसर पर स्पोर्ट मीट का आयोजन 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है।कार्यकम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया,वही बच्चो द्वारा अतिथियों को मार्च फास्ट करते हुए सलामी दी गयी इसके बाद बच्चो द्वारा गणेश वन्दना,सरस्वती वंदना,स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के प्रबन्धक प्रकाश चंद जैन ने कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चो को शिक्षा के साथ साथ खेल,सांस्कृतिक,व धार्मिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कराने का उद्देश्य उनका मनोबल बढ़ाने का रहता है,जिससे इस छोटे से कस्वे से निकला हुआ बच्चा अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन कर सके।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिपाल सिंह परिहार,व नगर पालिका अध्यक्ष गुरसराय जयपाल सिंह राजू चौहान को विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## ढाबे पर युवक की हत्या में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

(मथुराध्जैत)(ए.के.शर्मा) थाना जैत क्षेत्र में गुरुवार की रात हुई युवक की हत्या की घटना में मृतक के भाई ने थाना जैंत में तहरीर दी है। घटना की सूचना मिलते ही रात में ही एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। युवक को गोली लगी होने की सूचना से ग्रामीण आक्रोशि हो गये थे। इस बात की आशंका को देखते हुए कि ग्रामीण हाइवे जाम करने का प्रयास कर सकते हैं, मौके पर पुलिस बल बुला लिया गया था। हालांकि पुलिस अध िकारियों ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कर दिया। घटना के बाद ढाबे के मिलकर संचालित कर रहे दोनों संचालक मौके से फरार हो गये थे। पुलिस ने ढाबे पर काम करने वाले दो कर्मचारियों और ढाबा संचालन के लिए जमीन देने वाले जमीन के मालिक को पूछताछ के लिए हरासत में ले लिया था। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज देखे और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को भी अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई सतीश का कहना है कि ढाबा संचालक आपराधिक किस्म के लोग हैं 19 वर्षीय हरिओम पुत्र स्वः मूलचंद निवासी अजई जैंत पांच साल से ढाबे पर काम कर रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि हरिओम को गांव के बाहर खाली मैदान पर दो गाड़ियों में आए लोग अचेत हालत में फेंक कर चले गए। वहां से गुजर रहे युवक को देख लिया और इसकी सूचना ग्रामीणों के दे दी।वही जानकारी देते हुए एसपी सिटी डॉ0 अरविंद कुमार ने बताया कि थाना जैत क्षेत्र में राधारानी रेस्टोरेंट हैं वहां पर एक हरीमोहन नाम का लडका वेटर काम करता था, आरोप लगाया जा रहा है कि ढाबा के मालिक से गोली चल गई, जिसमें उसके चोट लगी है। जिससे उसकी मौत हो गई। थाना जैंत की ओर से मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## चिन्मय मिशन झांसी द्वारा गीता एवम तपोवन जयंती महोत्सव पर गीता ज्ञान चर्चा कार्यक्रम

झांसी! आज चिन्मय मिशन झांसी के तत्वाधान में सदर बाजार स्थित प्रांगण में गीता जयंती पर गीता ज्ञान चर्चा सम्मेलन हुआ। इस अवसर पर गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद के गुरु जी हिमव्रत सन्यासी स्वामी तपोवन की जयंती भी मनाई गई। मिशन के महोत्सव का धूमधाम से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के माध यम से विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी गुप्ता, अध्यक्ष डॉ प्रमोद गुलाटी, हरीश अग्रवाल, आरपी गुप्ता, श्री विक्रांत खंडेलवाल, डॉ सीपी गुप्ता, ब्रह्मचारी राघवेंद्र चेतन्य और सचिव ई व मुकेश गुप्ता आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओ में हरीश अग्रवाल,अशोक अग्रवाल, आर बी श्रीवास्तव, आर पी गुप्तावी के सेठ, एस एस गुप्ता, एच एन मोर, मुकेश गुप्ता, कृष्णा सक्सेना, विनोद सरावगी ,प्रमोद गुलाटी, एम एल सिरोठिया, कुसुम गुप्ता , मीना सोनी ,नूपुर श्रीवास्तव , मेघना गुप्ता, श्री प्रकाश अग्रवाल, एस एन गुप्ता रहे। चिन्मय युवा केंद्र के अभिलाषा, मनीष ,यस, जिज्ञासा, शिवम आदि ने भागवत गीता स्तुति का उच्चारण कर आवाहन किया। सचिव इंव मुकेश गुप्ता ने अतिथियों और साधकों का स्वागत करते हेतु चिन्मय मिशन के द्वारा किए जा रहे गीता के विश्व में प्रचार और मनोविषाद, मोह नष्ट कैसे हो उसके लिए श्रीकृष्ण के उपदेश ज्ञान को समझाया। ब्रह्मचारी राघवेंद्र चौतन्य द्वारा गीता का सार और स्वामी तपोवन के योगदान को विस्तार से बताया गया। उन्होंने चिन्मय मिशन के झांसी केंद्र द्वारा गीता प्रसार का प्रमाणिक स्रोत होना बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में गोपाल सरन गोयल, मोहन सिंह एसपी गुप्ता, श्री एसपी अत्रि, शीला गुप्ता, पी एन गुप्ता, आर बी श्रीवास्तव, शुगर सिंह, अजय कुमार, राजीव, देवेंद्र सहित मिशन के अन्य साधक ,बाल विहार, युवा केंद्र के सदस्य उपस्थित रहे। बहमचारी राघवेंद्र एवम सचिव इंव मुकेश गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया

# ठण्ड व शीतलहर के दौरान सर्द रातों में कोई भी खुले आसमान में न सोने पाये – एके शर्मा

## सभी निकायों में रिस्पांस टीमें गठित की जाय, रैन बसेरों में मूलभूत सुविधाओं के साथ पुख्ता इंतजाम किये जाएं

संवाददाता।

लखनऊ । प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गरीबों, आश्रयहीनों व निराश्रितों को ठण्ड व शीतलहर से बचाने के लिए सभी नगरीय निकायों में स्थायी व आवश्यकतानुसार अस्थायी रैन बसेरा संचालित करने के निर्देश दिये हैं। सभी रैन बसेरों में मूलभूत सुविधाओं के साथ पुख्ता इंतजाम भी किये जाएं। साफ–सफाई, सुन्दरीकरण का विशेष ध्यान रखा जाय। लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए गर्म कपड़े, स्वच्छ बेडशीट, कम्बल, गर्म पानी के लिए गीजर, खाने की व्यवस्था प्रकाश एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था हो, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाएं। नगरीय क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति खुले में न सोने पाये, इसकी निगरानी के लिए सभी निकायों में रिस्पांस टीमें भी गठित की जाएं। नगर विकास मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों, बस व रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, लेबर अड्डो व बाजारों के आस–पास अनिवार्य रूप से रैन बसेरा संचालित किये जाएं। साथ ही मुख्य बाजारों के चौराहों, अस्पतालों, बस व रेलवे स्टेशनों, सार्वजनिक स्थलों के आस–पास अलाव जलाने की व्यवस्था की जाय। उन्होंने रैन बसेरों तक लोगों को पहुंचने के लिए इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा शाइनबोर्ड आदि लगाने के निर्देश दिये हैं। रैन बसेरों के बाहर केयरटेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नं0 भी लिखा हो। साथ ही एक नोडल अधिकारी भी नामित किया जाय, जिससे इनके संचालन में कोई व्यवधान न पड़े। उन्होंने रात्रि में सभी निकाय अधिकारियों द्वारा रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करने भी निर्देश दिये। रैन बसेरों में निरीक्षण रजिस्टर भी बनाया जाय। बेडशीट, कम्बल की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देंगे। सभी रैन बसेरों में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग बेड और शौचालय की व्यवस्था हो। जिला प्रशासन के सहयोग से गरीब व्यक्तियों को कम्बल उपलब्ध कराने का भी प्रयास करें। रैन बसेरों के संचालन में व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्वयंसेवी संगठनों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, रेड क्रास व सिविल सोसाइटी का भी सहयोग लिया जाय। ए.के. शर्मा ने सभी नागरिकों से सड़क किनारे खुले आसमान में सोने वालों को रैन बसेरा पहुंचाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 3,733 बेड क्षमता के 130 स्थायी रैन बसेरा संचालित हैं, जिसमें 1000 लोग रह रहे हैं। इसी प्रकार 4,724 बेड क्षमता के 428 अस्थायी रैन बसेरा संचालित हैं, जिसका वर्तमान में 800 लोग लाभ ले रहे हैं। लखनऊ शहर के विभिन्न स्थानों पर 833 बेड क्षमता के 27 अस्थायी रैन बसेरा संचालित हैं, जिसका 300 लोग लाभ ले रहे हैं। इसी प्रकार 999 बेड क्षमता के 25 स्थायी शेल्टर होम संचालित हैं, जिसमें वर्तमान में 600 लोग रह रहे हैं।

# सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने 20 स्टाल लगाकर अपने उत्पादों का किया प्रदर्शन

## एमएसएमई, मंत्री ने एमएसएमई विकास आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

संवाददाता।

लखनऊ । एमएसएमई–विकास कायार्लय, कानपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आज यहां गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में एमएसएमई विकास आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विभागों, बैंकों एवं एमएसएमई इकाइयों ने 20 स्टाल लगाकर अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंत्रालय की पब्लिक प्रोक्योरमेण्ट पॉलिसी का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए महिलाओं और अनुसूचित जातिध्जनजाति के उद्यमियों का आह्वान किया। उन्होंने पारम्परिक उद्योगो को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष के कुल निर्यात में एमएसएमई का 49 प्रतिशत योगदान है। गांवों में बिजली पहुंचाने का काम उ0प्र0 सरकार द्वारा किया जा रहा है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा सोलर ऊर्जा, सोलर पम्प को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना– पीएम विश्वकर्मा के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि यह योजना तकनीकी कार्य करने वाले लोगों के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार–प्रसार करना होगा तभी हमारे प्रदेश के युवा तकनीकी रूप से दक्ष होंगे और हमारा एमएसएमई सेक्टर मजबूत होगा। इस कार्यक्रम से एम.एस.एम.ई. इकाइयों तथा सरकारी एवं सावर्जनिक क्षेत्र के उद्यमों के पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है। वृहद उद्योग स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों से प्रतियोगी दर पर उनके उत्पादों को क्रय कर सकेंगे। समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, राज्यमंत्री असीम अरूण ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है जिससे केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के सामन्जस्य में कोई कमी नहीं है दोनों सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में आयोजित ग्लोबल समिट से अधिक निवेश जिले स्तर पर आयोजित ग्लोबल समिट के माध्यम से लोकल उत्पाद बनाने वालों के द्वारा हुआ है। आर.के.गोयल, सहायक महाप्रबन्धक, हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, लखनऊ ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि भारत सरकार एमएसएमई को डेवलप करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत तुमकुर, कर्नाटक में हेलीकाप्टर बनाने की एशिया की बड़ी कम्पनी बन रही है। यदि आप एच.ए.एल. के एक विभाग से जुड़े हुए हैं तो धीरे–धीरे अन्य विभागों से स्वतः ही जुड़ जायेंगे। हेलीकाप्टर में छोटे–छोटे पार्ट्स लगते हैं। आपका छोटा सहयोग देश के काम आयेगा। हम सब मिलकर कार्य करेंगे। श्री संजय निगम, उप सामग्री प्रबन्धक, मार्डन कोच फैक्ट्री, रायबरेली ने रेलवे द्वारा कोच निर्माण हेतु आवश्यक विभिन्न महत्वपूर्ण उत्पादों की चर्चा करते हुए बताया कि प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए एमसीएफ एक बड़ा बाजार उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों से एमसीएफ का वेण्डर बन जुड़ने के लिए अनुरोध करते हुए अपनी वेण्डर पंजीकरण प्रक्रिया के विषय में समझाया। मोहित सिंह, वैज्ञानिक, भारतीय मानक ब्यूरो, लखनऊ ने उद्यमियों को उत्पाद में क्वालिटी का महत्व समझाते हुए उत्पाद की क्वालिटी की जाँच और उससे बाजार पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। निर्यात सत्रों के दौरान ईसीजीसी लि0, कानपुर के प्रबन्धक श्री मोहित ने ईसीजीसी विभाग द्वारा निर्यातकों को निर्यात के दौरान रिस्क कवरेज एवं विदेशों के प्रतिबन्धित खरीदारों के विषय में जानकारी देते हुए निर्यात के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाश डाला। फियो, कानपुर के सहायक निदेशक श्री आलोक श्रीवास्तव ने आयात एवं निर्यात की सम्भावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उद्यमियों को निर्यात करते समय ली जाने वाली सावधानियों के विषय में जागरूक किया और निर्यात के विभिन्न पहलुओं पर उद्यमियों को जागरूक किया। श्री क्षितिज मिश्रा, उपनिदेशक, निर्यात निरीक्षण अभिकरण, दिल्ली ने आयात–निर्यात से संबंधित गुणवत्ता जाँच के विषय में उद्यमियों को जानकारी प्रदान की। श्री कुनाल ठाकुर, ट्रेडमार्क एटार्नी ने बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के विषय में जानकारी देते हुए ट्रेडमार्क, पेटेण्ट, डिजाइन, कॉपीराइट, जीआई आदि के महत्व को बताते हुए वर्तमान समय में उद्यमों में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# विश्व आर्थिक मंच के जरिये पूरी दुनिया देखेगी यूपी का औद्योगिक एवं सांस्कृतिक विकासः नन्दी

## विश्व आर्थिक मंच से मिलेगी वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशाः नन्दी

संवाददाता। लखनऊ। दावोस (स्विटजरलैंड) में अगले महीने 14 से 20 जनवरी तक आयोजित होने जा रहे विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमी फोरम) की बैठक में पहली बार उत्तर प्रदेश की सशक्त भागीदारी एवं तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज पिकप भवन सभागार लखनऊ में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें मंत्री नन्दी ने कहा कि दावोस में पहली बार उत्तर प्रदेश पैवेलियन प्रदर्शित किया जा रहा है जिससे पूरी दुनिया के लोग उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और संस्कृति की झलक से रूबरू हो सकेंगे। जिसके जरिये आज देश का ग्रोथ इंजन बन चुके उत्तर प्रदेश में दुनिया भर के निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को 2027 तक वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्व आर्थिक मंच एक अच्छा एवं उपयुक्त स्थान साबित होगा। जहां पहली बार उत्तर प्रदेश का स्टेट पैवेलियन प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि और अन्य बड़े निवेशकों के सामने उत्तर प्रदेश को एक आकर्षक निवेश स्थल के रूप में प्रस्तुत करना है ताकि दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया जा सके। मंत्री नन्दी ने कहा कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन से उत्तर प्रदेश में एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मजबूती मिलेगी। दावोस (स्विटजरलैंड) में आयोजित होने जा रहे विश्व आर्थिक मंच की बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल शिरकत करेगा। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री नन्दी के साथ ही वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधिमंडल 14 जनवरी को दावोस पहुंचेगा।

समीक्षा बैठक में मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार के पैवेलियन में उत्तर प्रदेश के कारोबारी माहौल व यहां की संस्कृति दोनों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास और कारोबारी सहूलियतों के लिए लागू की गई नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। कहा कि पैवेलियन में एक जनपद–एक उत्पाद (ओडीओपी) का सुंदर ढंग से प्रस्तुतिकरण किया जाना चाहिए, ताकि पैवेलियन में आने वाले लोगों को सुखद अनुभूति हो। ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं जिससे पैवेलियन में आने वाले वैश्विक सीईओ और अन्य प्रमुख लोगों के बीच उत्तर प्रदेश की अच्छी छवि बने। बैठक में प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल सागर व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का एजेंडा निर्धारित करता है। विश्व आर्थिक मंच वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आकार देने के लिए व्यापार, तकनीकी, राजनीतिक, शैक्षणिक और समाज के अन्य नेताओं को शामिल करता है। दावोस सम्मेलन में 1000 से अधिक वैश्विक सीईओ, उद्योगों के नेतृत्वकर्ता, तकनीकी विशेषज्ञ, राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष शिरकत करेंगे। भारत सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी, हरदीप सिंह पुरी और अश्वनी वैष्णव विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल होंगे।

## त्वरित आर्थिक विकास योजना में लखनऊ की सड़कों के लिए 2193.85 लाख रूपये मंजूर

संवाददाता। लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023.24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में सड़क निर्माण से सम्बन्धित कार्यों हेतु 2193.85 लाख रूपये मंजूर किये है। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारीए लखनऊ के निवर्तन पर रखी गयी है। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। नियोजन विभाग ने इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार मंजूर की गयी धनराशि से गणेशगंज बंशीरतगंज वार्डए सआदतगंज वार्डए बोस वार्डए जानकीपुरम प्रथम वार्डए मौलवीगंज वार्डए गुरूनानक नगर वार्डए यहियागंज नेता जी सुभाष चन्द्र वार्डए मालवीय नगर वार्डए आचार्य नरेन्द्रदेव वार्डए फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्डए केसरीखेड़ा वार्डए इस्मालगंज वार्ड.2ए शहीद भगत सिहं वार्ड एवं साउथ सिटी जी ब्लाक आदि ।

# ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम महोत्सव में उमड़ा भक्तों का जन– सैलाब सनातन संस्कृति की मजबूत मिसाल – पूज्यश्री प्रेमभूषण जी महाराज

सेवा,सहायता,सहयोग एवं लोक कल्याण के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य कर रही ,नरसेवा नारायण सेवा का पर्याय ममता चौरिटेबल ट्रस्ट ने सशक्त भारत,सशक्त प्रदेश व सशक्त लखनऊ बनाने की दिशा में एक अद्भुत कदम उठाते हुए प्रत्येक वर्ष आध्यात्मिक चेतना समागम के अंतर्गत श्रीराम कथा अमृत



वर्षा का आयोजन करती आ रही है! श्रीराम कथा अमृत वर्षा महोत्सव में उमड़ा भक्तों का जैन–सैलाब तथा समर्पण भक्ति भाव देखकर सनातनी संस्कृति कितनी मजबूत है सहज ही आभास किया जा सकता है ,हम मजबूत होगे तो भारत को सोने की चिड़िया और विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं पाएगा,अपने राघव सरकार हमेशा हमारे साथ है!

सनातन धर्म और संस्कृति में मर्यादा और अनुशासन का बहुत ही महत्व है। श्री रामचरितमानस जी में स्वयं भगवान राम जी ने कहा है –सोई सेवक प्रियतम मम् सोई। मम अनुशासन माने जोई।।

परंतु समस्या यह है कि अगर लोग अनुशासन मानने लगे तो फिर उनके अहंकार का क्या होगा। खासकर सक्षम व्यक्ति अपने अहंकार की रक्षा में कई बार अनुशासन भंग करते हैं और फिर नीचे वाले उन्हीं का अनुकरण करते हैं।

सरस् श्रीराम कथा गायन के लिए सर्वप्रिय प्रेममूर्ति पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज ने उक्त बातें लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित सीएमएस विद्यालय के मैदान में ममता चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं।

श्री रामकथा गायन के माध्यम से भारतीय और पूरी दुनिया के सनातन समाज में अलख जगाने के लिए जनप्रिय कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने धनुष यज्ञ और अन्य प्रसंगों का गायन करने के क्रम में कहा कि भगवान श्री राम को हम मर्यादा पुरुषोत्तम कहते हैं। भगवान स्वयं मर्यादा में रहते हैं और लोगों से भी मर्यादा का पालन करने की अपेक्षा करते हैं। अनुशासन में रहने वाले लोग ही भगवान को प्रिय भी हैं।

जनक जी की बगिया में पुष्प उतारने के लिए भी भगवान ने मालीगण से आज्ञा ली।

महाराज श्री ने कहा कि भगवान को दास भाव में रहने वाले भगत ज्यादा प्रिय हैं। भगत सेवा करते हैं, परंतु सेवा करने वालों की अपनी कुछ चाहत भी होती है लेकिन दास का सब कुछ स्वामी ही होता है। दास की अपनी कोई इच्छा भी नहीं होती है। स्वामी के प्रति पूर्ण समर्पण ही दास भाव है। दास बनना सहज नहीं है, बहुत कठिन है यह। पिता के कहने के बाद भी अंगद, प्रभु के दास नहीं बन सके। दूसरी तरफ हनुमान जी ने अपने को पूरी तरह प्रभु को समर्पित करके वह पद प्राप्त कर लिया।

पूज्य श्री ने कहा कि किसी भी कुल में भगत का जन्म तपस्या से ही होता है। मनुष्य का जीवन तप करने के लिए मिला है तप के माध्यम से ही हम अपने धरती पर आने के उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं। गंगा जी को धरती पर लाने के लिए राजा भगीरथ की चार पीढ़ियों ने तप किया था। जिस कुल में कोई भगत तपता है, उसी कुल में नए भगत का आगमन भी होता है।

भगत की बुद्धि लेनदेन या बनिया की तरह नहीं होती है। क्या दिया तो क्या पाया ? यह भगत नहीं सोचता है। भगवान के चरणों में भगत की सहज ही गति होती है। यह पूरी सृष्टि भगवान के वश में है मनुष्य के वश में कुछ भी नहीं है। जब भगवान से ही सब कुछ मिलना है तो भगवान में ही लगना चाहिए। घर में हम अगर अर्चा विग्रह की सेवा करते हैं, जीव भाव से करते हैं तो विग्रह भी बोलने लगते हैं। अगर हम घर में छोटे बच्चों से बात ना करें तो वह भी नहीं बोल पाते हैं इसलिए घर में अगर लाल को रखा है तो उनसे जीव भाव रखते हुए उनसे बात करें, उनकी सेवा करें।

सनातन धर्म, सत्य आचरण के समाज के निर्माण पर ही आधारित है। यह प्रमाणित सत्य है कि सतकर्म में रहने वाले व्यक्ति के लिए संसार की हर वस्तु सुलभ होती है । ठीक इसी प्रकार से अगर राजा धर्मशील हो तो प्रकृति भी उसके प्रजा पालन में उसका पूरा–पूरा साथ देती है। धरती एक मुट्ठी अन्न को सौगुना करके वापस करती है।

मिथिलेश की वाटिका में भगवान राम के स्वागत में पूरी प्रकृति उमड़ पड़ी थी। ठीक है इसी प्रकार से त्रेता में जहाँ भी राजा धर्मशील होते थे, समुद्र देव उनके स्वागत में अपने गर्भ से खजाने को लाकर तट पर बिखेर देते थे।

भारतीय सनातन संस्कृति में यह बार–बार प्रमाणित हुआ है कि जो भी व्यक्ति धर्म पथ पर चलते हुए संसार में विचरण करते हैं, उनके घर से दुख भी दूरी बना कर रहता है और ऐश्वर्य स्वयं चलकर उनके घर पहुंचते हैं।

पूज्य श्री ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति में भगवान राम जी का चरित्र हमें बार–बार यह सिखाता है कि हमें जीवन में किस प्रकार रहना है। जब हम राजा जनक जी की वाटिका के प्रसंग का दर्शन करते हैं जहां भगवान श्री राम और माता सीता जी को एक दूसरे का पहली बार दर्शन हुआ था तो हमें यह पता चलता है कि शीलवान व्यक्ति कैसा होता है?

महाराज श्री ने कहा कि संसार में अच्छा बुरा दोनों ही उपस्थित है जो भगत लोग हैं उन्हें अच्छे को ग्रहण करते हुए अपने जीवन को धन्य बनाने की आवश्यकता होती है। अपनी दृष्टि पर संयम से यह संभव हो पाता है। जब हम अच्छा देखने का प्रयास करते हैं तो हमें सब कुछ अच्छा ही देखता है जैसे युधिष्ठिर को ढूंढने पर भी कोई बुरा व्यक्ति नहीं मिला लेकिन उसी जगह पर दुर्योधन को ढूंढने पर कोई एक भी अच्छा व्यक्ति नहीं मिला। हमें अपने भलाई के लिए अच्छा देखने का अभ्यास करने की आवश्यकता होती है। क्योंकि हम जो देखते हैं वही सोचते हैं और धीरे–धीरे वैसा ही बन जाते हैं।

जीवन में हमें किसी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए कि वो आपसे परेशान हो जाए। जितना हो सके जीवन को सरल और सहज बनाना चाहिए। सहजता ही ईश्वर की सर्वोपरि भक्ति है।

पूज्यश्री ने कहा कि राम और रावण की एक ही राशि थी। रावण ने ब्राह्मण कुल में जन्म लिया था और भगवान राम क्षत्रिय कुल में जन्मे थे। कुल तो रावण का श्रेष्ठ था लेकिन, जब हम दोनों के व्यवहार की बात करते हैं, आचरण की बात करते हैं, आहार और विहार की बात करते हैं तो राम जी हर मामले में रावण से श्रेष्ठ थे।

समाज में आम लोग श्रेष्ठ के ही आचरण का अनुकरण और अनुसरण करते हैं ऐसे में सभी श्रेष्ठ व्यक्तियों के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आचार, व्यवहार, आहार में श्रेष्ठता का प्रदर्शन करें, जिनका अनुकरण किया जा सके।

महाराज जी ने कहा कि मनुष्य को किसी के भी अपकर्मों की चर्चा करने से बचना चाहिए। जब हम किसी के किए गए गलत कार्यों की बार–बार चर्चा करते हैं तो उस

तरह की स्थिति हमारे अपने जीवन में भी उपस्थित होने लगती है।

महाराज श्री ने बताया आम जन जीवन में कहां उठना बैठना है, कहां नहीं जाना है, क्या खाना है? क्या नहीं खाना है । किससे कुछ लेना है और किससे कुछ नहीं लेना है आदि–आदि यही तो धर्म है। जब कोई व्यक्ति धर्म को धारण कर धर्मशीलता के जीवन को जीने का प्रयास करता है तो भगवान भी उसकी मदद करते हैं।

पूज्य महाराज श्री ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में माताओं को सबसे ऊंचा स्थान दिया गया है। यहां तक कि जब भगवान का भी हम पूजन करते हैं

तो सबसे पहले भगवान को त्वमेव माता कहते हैं। माताओं ने सनातन संस्कृति को जीवंत बना रखा है।

भगवान श्री राम की मिथिला यात्रा और धनुषभंग के प्रसंगों का गायन करते हुए पूज्य महाराज जी ने कहा कि हम जिस युग में जी रहे हैं उस काल में दान ही सर्वश्रेष्ठ धर्म कार्य है। भगवान ने हमें कुछ देने के लिए ही दिया है । हम जो देते हैं , हमें वही वापस और ज्यादा मिलता है जैसे अगर हम धरती में एक मुट्ठी अन्न डालते हैं तो धरती माता हमें उसे 100 गुना करके देती हैं।

धनुष भंग प्रसंग का श्रवण करने के लिय गुरुवार को बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोतागण को महाराज जी के द्वारा गाए गए दर्जनों भजनों पर झूमते हुए देखा गया।

श्रीराम कथा का शुभारम्भ 11 नवयुवकों से दीप प्रज्वलित करके किया गया,गणेश वन्दन,श्री रामायण जी की आरती के साथ कथा प्रारम्भ हुई!आज के इस महोत्सव में मा.वित्त मंत्री सुरेश खन्ना,विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा,वरिष्ठ आईएएस अधिकारी देवेन्द्र पांडे, सीनियर डॉक्टर प्रोफेसर आनंद मिश्रा,डॉ विवेक तागड़ी, राजीव गोयल, प्रोफेसर , ए .के. टी .यू. लखनऊ,डॉ सुयश नारायण मिश्रा उपस्थित होकर राम रसपान किया और महराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया! ममता परिवार के मुखिया एवं भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने अतिथियों का मोमेंटो और दुशाला भेंटकर सम्मान अभिवादन किया!

बड़ी संख्या में विशिष्ट जन और हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## देश की प्रतिष्ठित कैट परीक्षा में सी.एम.एस. छात्र सिद्धार्थ ने चयनित होकर शहर का मान बढ़ाया

लखनऊ, 22 दिसम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड के छात्र सिद्धार्थ पाण्डेय ने देश की प्रतिष्ठित 'कैट' परीक्षा में चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। कैट में सिद्धार्थ ने 98.5 परसेन्टाइल हासिल करकें यह मुकाम प्राप्त किया है यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य–जनसम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. में इस छात्र ने कक्षा मोन्टेसरी से लेकर इण्टर तक की पढ़ाई उच्च अंको के साथ की है। इसके बाद इन्होंने जे.पी. यूनिवर्सिटी बुलन्दशहर से 2020 में बी. टेक. सिविल इन्जीनियरिंग में किया। इस समय यह बतौर इन्जीनियर कम्पनी में कार्यरत है। सिद्धार्थ ने बातचीत में बताया कि मैंने आफिस से परीक्षा देनी की अनुमति ली थी और अब मैं टॉप फाइव आई.आई.एम. में एडमीशन लेना चाहता हँ। सिद्धार्थ के पिता एस.के. पाण्डेय रिटायर्ड सचिवालय अधिकारी व माता जी छाया पाण्डेय गृहणी है। सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता व शिक्षकों ,व विद्यालय के शान्तिपूर्ण व प्रेरणादायी वातावरण को दिया है, स्कूल के संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्र की प्रंशसा करते हुए आशीर्वाद दिया है। प्रधानाचार्या डा. विनीता कामरान ने भी सिद्धार्थ को बधाई दी है।



## सी.एम.एस. राजाजीपुरम कैम्ब्रिज सेक्शन द्वारा 'क्रिसमस्टाइड विन्टरफेस्ट–2023' का भव्य आयोजन

लखनऊ, 22 दिसम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल सेक्शन द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर–विद्यालयी क्रिसमस्टाइड विन्टरफेस्ट–2023 का भव्य समापन आज विद्यालय के सजे–धजे प्रांगण में सम्पन्न हुआ। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर क्रिसमस्टाइड विन्टरफेस्ट–2023 के समापन समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. गाँधी ने कहा कि जीसस ने हमें दया और करूणा का पाठ पढ़ाया है। सभी लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ मिलकर प्रभु की प्रार्थना करें तो सबमें आपसी प्रेम भाव भी बढ़ जायेगा और संसार में एकता, शान्ति, करूणा, त्याग, न्याय एवं समृद्धि आ जायेगी। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व एम.डी. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान करते भजनों व गीतों (क्रिसमस कैरॅल्स) की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।प्रथम दौर में चयनित टीमों को ग्रैण्ड फिनाले में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इस अवसर पर छात्रों ने जहाँ एक ओर एकल गायन व समूह गायन में शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों की तालियां बटोरी तो वहीं दूसरी ओर रॉक बैण्ड की अभूतपूर्व प्रस्तुतियों से अपनी संगीत प्रतिभा का लोहा मनवाया। दर्शकों ने भी जोरदार तालियां बजाकर छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। 'क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट–2023' की संयोजिका एवं सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने कहा कि क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट का उद्देश्य छात्रों में सर्वधर्म समभाव की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी को आगामी क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा समस्त मानवता पर बरसे और समाज में सुख, सद्भावना व शान्ति हेतु सभी एक–दूसरे का सहयोग करें।

# गणतंत्र दिवस परेड, राफेल...मोदी ने दोस्त मैक्रों को बुलाया, फ्रांस की तरफ से ये जवाब आया

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने न्यू की यात्रा करने में असमर्थता व्यक्त की। फ्रांसीसी प्रेसीडेंसी ने पुष्टि की है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों भारत में गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगे। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के कार्यालय ने पुष्टि की कि मैक्रों नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगे। मैक्रों इस प्रतिष्ठित अवसर की शोभा बढ़ाने वाले छठे फ्रांसीसी नेता होंगे, इस मामले से परिचित लोगों ने 22 दिसंबर को कहा। इससे पहले, भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने न्यू की यात्रा करने में असमर्थता व्यक्त की। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मैक्रों को नई दिल्ली का निमंत्रण रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार और निवेश और नई प्रौद्योगिकियों सहित दोनों देशों के बीच संबंधों में तेजी से वृद्धि के बीच आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया, जो फ्रांसीसी राष्ट्रीय दिवस समारोह का हिस्सा है। पीएम मोदी ने इसी साल जुलाई में फ्रांस का दौरा किया था और पेरिस में बैस्टिल डे



समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। तभी उन्होंने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया था। बैस्टिल डे 14 जुलाई 1789 को सैन्य किले और जेल के रूप में मशहूर बैस्टिल के पतन का प्रतीक है। जब गुस्साई भीड़ ने उस पर धावा बोल दिया था और यहां बंद कैदियों को छुड़ाया था। यहीं से फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत भी माना जाता है।

# पूर्व प्रधानमंत्री साली बेर की गिरफ्तारी का रास्ता साफ, संसद ने मिली कानूनी छूट हटाई

भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के खिलाफ विशेष अभियोजक कार्यालय के अनुसार, बेरीशा पर अपने दामाद के लाभ के लिए एक राज्य के स्वामित्व वाले खेल परिसर के निजीकरण से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ये कृत्य कथित तौर पर 2008 में किए गए थे। अल्बानियाई संसद ने पूर्व प्रधानमंत्री साली बेरीशा की कानूनी छूट को रद्द कर दिया, जिससे भ्रष्टाचार की जांच के सिलसिले में उनकी संभावित गिरफ्तारी का मार्ग प्रशस्त हो गया। भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के खिलाफ विशेष अभियोजक कार्यालय के अनुसार, बेरीशा पर अपने दामाद के लाभ के लिए एक राज्य के स्वामित्व वाले खेल परिसर के निजीकरण से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ये कृत्य कथित तौर पर 2008 में किए गए थे। बेरीशा ने असेंबली से बाहर निकलते हुए कहा कि मैं पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हूं। बेरीशा द्वारा जांच के दौरान अधिकारियों के साथ सहयोग करने से इनकार करने के बाद अभियोजकों के अनुरोध के बाद मतदान हुआ। उनके दामाद जमरबेर माल्तेजी को अक्टूबर में गिरफ्तार किया गया था और भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप के बाद घर में नजरबंद कर दिया गया था। बेरीशा ने लंबे समय से किसी भी गलत



काम से इनकार किया है और जांच को विशुद्ध रूप से राजनीतिक कहा है। अल्बानिया के प्रधान मंत्री एडी राम पर जांच को भड़काने का आरोप लगाया है। 1990 के दशक में साम्यवाद के पतन के बाद बेरीशा अल्बानिया के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति थे। वो 2013 तक आठ वर्षों तक अल्बानिया के प्रधान मंत्री भी रहे। पिछले साल संगठित अपराध और भ्रष्टाचार में उनकी कथित संलिप्तता के कारण उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन दोनों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था, इन आरोपों को उन्होंने खारिज कर दिया था। वॉचडॉग नियमित रूप से अल्बानिया को यूरोप के सबसे गरीब देशों में से एक और महाद्वीप के सबसे भ्रष्ट देशों में से एक मानते हैं।

## लाल सागर में हूती हमलों से वैश्विक व्यापार प्रभावित, मल्टीनेशनल नेवल फोर्स का किया गया गठन



शिपिंग दिग्गज मार्सक और हापाग–लॉयड के बाद, तेल और गैस हेवीवेट ब्रिटिश पेट्रोलियम (बीपी) अपने चालक दल के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में सभी लाल सागर पारगमन को रोकने के लिए नवीनतम बन गया, जिससे तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन प्रभावित हुआ।यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों के बाद प्रमुख शिपिंग कंपनियां और तेल उत्पादक लाल सागर से दूर जा रहे हैं। बाब अल–मंदब जलडमरूमध्य, लाल सागर का एक प्रमुख मार्ग है, शत्रुता का केंद्र बन गया है, जहां ईरान–गठबंधन हौथिस ने गाजा में इजराइल की कार्रवाई के प्रतिशोध में जहाजों को निशाना बनाया है। इस व्यवधान ने वैश्विक व्यापार को उथल–पुथल में डाल दिया है, आपूर्ति श्रृंखलाओं को खतरे में डाल दिया है, कीमतें बढ़ गई हैं और महत्वपूर्ण डिलीवरी में देरी हो रही है। ऊर्जा आपूर्ति बाधित, कीमतें बढ़ींशिपिंग दिग्गज मार्सक और हापाग–लॉयड के बाद, तेल और गैस हेवीवेट ब्रिटिश पेट्रोलियम (बीपी) अपने चालक दल के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में सभी लाल सागर पारगमन को रोकने के लिए नवीनतम बन गया, जिससे तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन प्रभावित हुआ। यह एहतियाती कदम बढ़ते तनाव और कंटेनर जहाजों और तेल टैंकरों पर हमलों की पुष्टि के बीच उठाया गया है। इसका असर ऊर्जा बाजारों पर महसूस किया जा रहा है, इन हमलों पर चिंताओं के कारण तेल और यूरोपीय प्राकृतिक गैस दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।स्वेज नहर जाम होने से आपूर्ति श्रृंखला को खतरा हैवैश्विक व्यापार के लगभग 12 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार स्वेज नहर को जहाज मार्ग में कमी का सामना करना पड़ रहा है। एशिया–यूरोप व्यापार के लिए महत्वपूर्ण यह जलमार्ग अब आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यापक व्यवधान पैदा करने का जोखिम उठा रहा है। वैकल्पिक मार्ग, जैसे केप ऑफ गुड होप के माध्यम से अफ्रीका की परिक्रमा, शिपिंग यात्राओं में महत्वपूर्ण समय जोड़ सकते हैं। समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाला गठबंधन बनाया गया हौथिस ने इजराइल जाने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी, जिससे अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की नौसेना बलों को दुष्ट ड्रोन और मिसाइलों को रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। बढ़ते खतरे के जवाब में, पेंटागन ने घोषणा की है कि लाल सागर में वाणिज्यिक यातायात की सुरक्षा के लिए 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन, ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन में शामिल हो गए हैं। इस पहल में हौथी आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए संयुक्त गश्त और सुरक्षा उपाय बढ़ाए जाएंगे।

# पाकिस्तान चुनाव आयोग ने बढ़ाया नामांकन दाखिल करने का समय, जानें क्या है वजह

शीर्ष चुनाव निकाय ने बुधवार को संभावित उम्मीदवारों से नामांकन पत्र स्वीकार करना शुरू कर दिया। कागजात दाखिल करने की समय सीमा शुक्रवार शाम 4रू30 बजे समाप्त होने वाली थी। हालाँकि, शुक्रवार सुबह एक प्रेस विज्ञप्ति में, चुनावी निगरानी ने घोषणा की कि नामांकन पत्र अब 24 दिसंबर (रविवार) तक दाखिल किए जा सकते हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा समय लेने वाली प्रक्रिया को पूरा करने के लिए और समय मांगे जाने के बाद पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 8 फरवरी के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा दो दिन बढ़ाकर रविवार तक कर दी। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, संभावित उम्मीदवारों को 20 से 22 दिसंबर तक नामांकन पत्र दाखिल करना होगा। शीर्ष चुनाव निकाय ने बुधवार को संभावित उम्मीदवारों से नामांकन पत्र स्वीकार करना शुरू कर दिया। कागजात दाखिल करने की समय सीमा शुक्रवार शाम 4रू30 बजे समाप्त होने वाली थी। हालाँकि, शुक्रवार सुबह एक प्रेस विज्ञप्ति में, चुनावी निगरानी ने घोषणा की कि नामांकन पत्र अब 24 दिसंबर (रविवार) तक दाखिल किए जा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि यह निर्णय राजनीतिक दलों के अनुरोधों के जवाब में और उम्मीदवारी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए लिया गया था। इसमें कहा गया है कि राजनीतिक दलों को निर्धारित समय के भीतर रिटर्निंग अधिकारियों को विशिष्ट सीटों के लिए प्राथमिकता सूची सौंपनी होगी। मतदान के लिए एक महीने से भी कम समय बचा है, चुनावी निगरानी संस्था चुनावी मोड में आ गई है। पिछले हफ्ते, आयोग ने चुनाव कार्यक्रम जारी किया, जिससे इस प्रक्रिया को लेकर अनिश्चितता खत्म हो गई। तय कार्यक्रम के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी 25 से 30 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की जांच करेंगे। बयान में रेखांकित किया गया कि 15 दिसंबर को जारी चुनाव कार्यक्रम में सूचीबद्ध सभी गतिविधियां योजना के अनुसार आयोजित की जाएंगी।



# राजधानी प्राग के विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी में 15 लोगों की मौत

अधिकारियों ने जेन पलाच चौराहे को सील कर दिया है और चार्ल्स विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की इमारत को खाली करा लिया है, जहां गोलीबारी हुई थी। अधिकारी विस्फोट की आशंका के चलते इमारत की बालकनी समेत इलाके की तलाशी में जुटे हैं।इचेक गणराज्य की राजधानी प्राग के एक विश्वविद्यालय



में हुई गोलीबारी में 15 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर विश्वविद्यालय का एक छात्र था। इससे पहले पुलिस और चेक गणराज्य के गृह मंत्री ने कहा था कि संदिगध मारा गया और उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। अधिकारियों ने जेन पलाच चौराहे को सील कर दिया है और चार्ल्स विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की इमारत को खाली करा लिया है, जहां गोलीबारी हुई थी। अधिकारी विस्फोट की आशंका के चलते इमारत की बालकनी समेत इलाके की तलाशी में जुटे हैं।

# चीन–अमेरिका के सैन्य अधिकारियों की बैठक, ड्रैगन से रिश्ते सुधारने में जुटा

वीडियो टेलीकांफ्रेंस ने पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अगस्त 2022 में तत्कालीन प्रतिनिधि सभा अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के स्व–शासित ताइवान के दौरे के बाद बीजिंग द्वारा तोड़ दिए गए सैन्य–से–सैन्य संबंधों को फिर से शुरू करने के लिए एक समझौते का पालन किया।पेंटागन ने कहा कि शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने गुरुवार को अपने चीनी समकक्ष के साथ एक वर्चुअल बैठक की। अमेरिकी अधिकारियों की उम्मीदों के बीच एक साल से अधिक समय में इस तरह की पहली बातचीत से दोनों सेनाओं के बीच संबंधों की व्यापक बहाली हो सकती है। वीडियो टेलीकांफ्रेंस ने पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अगस्त 2022 में तत्कालीन प्रतिनिधि सभा अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के स्व–शासित ताइवान के दौरे के बाद बीजिंग द्वारा तोड़ दिए गए सैन्य–से–सैन्य संबंधों को फिर से शुरू करने के लिए एक समझौते का पालन किया। ब्राउन के कार्यालय ने कहा कि अमेरिकी वायु सेना के जनरल चार्ल्स क्यू ब्राउन, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के जनरल लियू जेनली ने कई वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर बात की। लियू केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के संयुक्त स्टाफ विभाग के प्रमुख हैं, जो चीन के युद्ध संचालन और



योजना के लिए जिम्मेदार सैन्य निकाय है। पेंटागन के अधिकारियों का कहना है कि गलत अनुमान को संघर्ष में बदलने से रोकने के लिए दोनों सेनाओं के बीच संचार महत्वपूर्ण है। ब्राउन के कार्यालय ने कहा कि जनरल ब्राउन ने प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने, गलत आकलन से बचने और संचार की खुली और सीधी लाइनें बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने गलतफहमी की संभावना को कम करने के लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के ठोस बातचीत में शामिल होने के महत्व को दोहराया। ब्राउन ने कहा कि पिछले महीने उन्होंने लियू को एक परिचयात्मक पत्र भेजा था जिसमें कहा गया था कि वह मिलने के लिए तैयार हैं। देर रात चीनी रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, लियू ने कहा कि अमेरिका और चीन के लिए एक स्वस्थ, स्थिर और टिकाऊ सैन्य–से–सैन्य संबंध विकसित करने की कुंजी चीन की सही समझ है।

# हमारे पास आतंकवादी समूहों को आर्थिक मदद मुहैया कराने में भारत की संलिप्तता के सबूत हैं पाकिस्तान

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलूच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसे कई मामले हैं जिनमें हमारे पास आतंकवादी तत्वों की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं। इन्हें भारत द्वारा वित्त पोषित और समर्थित किया जाता है, और आने वाले दिनों में हम मीडिया के साथ अधिक विवरण साझा करेंगे। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसके पास देश को अस्थिर करने के लिए आतंकवादी समूहों को समर्थन व आर्थिक सहायता प्रदान करने में कथित भारतीय संलिप्तता के बारे में सबूत हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलूच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसे कई मामले हैं जिनमें हमारे पास आतंकवादी तत्वों की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं। इन्हें भारत द्वारा वित्त पोषित और समर्थित किया जाता है, और आने वाले दिनों में हम मीडिया के साथ अधिक विवरण साझा करेंगे। कराची में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को जहर देने और उसके अस्पताल में भर्ती होने के संबंध में भारतीय मीडिया में आई खबरों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम ऐसी झूठी खबरों पर टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे जिन्हें वे पाकिस्तान को निशाना बनाने के लिए फैलाते हैं।'' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि करतारपुर गलियारा खुला है और पाकिस्तान करतारपुर आने वाले सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत करता है।

# गाजा में सहायता पहुंचाने के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान में फिर देरी

प्रस्ताव से जिस अहम प्रावधान को हटाया गया है उसमें ''सुरक्षित और अबाधित मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए तत्काल लड़ाई खत्म करना और शत्रुता की स्थायी समाप्ति की दिशा में तत्काल कदम उठाने'' का आह्वान शामिल था। थॉमस–ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात और गाजा की सीमा से लगते मिस्र के साथ नए प्रस्ताव पर बातचीत की है। संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा तक अत्यावश्यक मदद पहुंचाने के लिए पेश एक संशोधित प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को फिर मतदान में देरी हुई। प्रस्ताव में संशोधन का अमेरिका ने समर्थन किया है जबकि अन्य देशों ने और कड़े प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसमें इजराइल और हमास के बीच शत्रुता तत्काल खत्म करने का आह्वान शामिल है। हालांकि इसे अब हटा दिया गया है। संशोधित मसौदा प्रस्ताव पर परिषद के सदस्यों ने करीब एक घंटे तक बंद कमरे में बातचीत की। काफी बदलाव होने के कारण कई सदस्यों ने कहा कि उन्हें मतदान से पहले अपनी



सरकार से विचार–विमर्श करने की आवश्यकता है। अब इस पर शुक्रवार को मतदान होने की संभावना है। अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस–ग्रीनफील्ड ने चर्चा के बाद पत्रकारों से कहा कि अमेरिका नए पाठ का समर्थन करता है और अगर उसे मतदान के लिए पेश किया जाता है तो अमेरिका उसका समर्थन करेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अरब तथा पश्चिम देशों के उनके समकक्षों के बीच उच्च स्तरीय बातचीत के बाद यह नया मसौदा प्रस्ताव तैयार किया गया है। थॉमस–ग्रीनफील्ड ने इस बात से इनकार किया कि इस प्रस्ताव को कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा, ''मसौदा प्रस्ताव बहुत मजबूत प्रस्ताव है जिसका अरब समूह ने पूरा समर्थन किया है जो उन्हें वह उपलब्ध कराता है जिसकी जमीनी स्तर पर मानवीय सहायता प्राप्त करने के लिए आवश्यकता है।'' प्रस्ताव से जिस अहम प्रावधान को हटाया गया है उसमें ''सुरक्षित और अबाधित मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए तत्काल लड़ाई खत्म करना और शत्रुता की स्थायी समाप्ति की दिशा में तत्काल कदम उठाने'' का आह्वान शामिल था। थॉमस–ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात और गाजा की सीमा से लगते मिस्र के साथ नए प्रस्ताव पर बातचीत की है। यह प्रस्ताव अरब देशों द्वारा प्रायोजित है जिनका प्रतिनिधित्व संयुक्त अरब अमीरात करता है।

## हमारे पास आतंकवादी समूहों को आर्थिक मदद मुहैया कराने में भारत की संलिप्तता के सबूत हैं पाकिस्तान

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलूच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसे कई मामले हैं जिनमें हमारे पास आतंकवादी तत्वों की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं। इन्हें भारत द्वारा वित्त पोषित और समर्थित किया जाता है, और आने वाले दिनों में हम मीडिया के साथ अधिक विवरण साझा करेंगे। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसके पास देश को अस्थिर करने के लिए आतंकवादी समूहों को समर्थन व आर्थिक सहायता प्रदान करने में कथित भारतीय संलिप्तता के बारे में सबूत हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलूच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसे कई मामले हैं जिनमें हमारे पास आतंकवादी तत्वों की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं। इन्हें भारत द्वारा वित्त पोषित और समर्थित किया जाता है, और आने वाले दिनों में हम मीडिया के साथ अधिक विवरण साझा करेंगे।

# कनाडा ने गाजा के नागरिकों को अस्थाई वीजा देने की घोषणा की, नौ जनवरी तक शुरू हो सकता है अभियान



मिलर ने कहा कि वह निश्चित तौर पर यह नहीं बता सकते कि इस अभियान के तहत कितने लोग कनाडा आ सकते हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह संख्या सैंकडों में हो सकती है कनाडा ने गाजा पट्टी के उन लोगों को अस्थाई वीजा देने की घोषणा की है जिनके रिश्तेदार कनाडा में रहते हैं। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने बृहस्पतिवार रात इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान नौ जनवरी तक शुरू हो सकता है।

हालांकि संघीय सरकार ने युद्धग्रस्त क्षेत्र से नागरिकों की सुरक्षित निकासी का कोई आश्वासन नहीं दिया है। आव्रजन मंत्री मिलर ने कहा कि सरकार का ध्यान 660 कनाडाई नागरिकों, स्थाई निवासियों और उनके जीवनसाथियों तथा बच्चों को गाजा से बाहर निकालने पर है।मिलर ने कहा कि सरकार माता–पिता, दादा–दादी, भाई–बहन और पोते–पोतियों सहित कनाडा से जुड़े विस्तारित पारिवारिक संबंध वाले लोगों के लिए आवेदन स्वीकार करना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मानकों पर खरे उतरने वालों को सरकार तीन वर्ष के लिए वीजा देगी। मिलर ने कहा कि वह निश्चित तौर पर यह नहीं बता सकते कि इस अभियान के तहत कितने लोग कनाडा आ सकते हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह संख्या सैंकडों में हो सकती है। आव्रजन मंत्री ने साथ ही कहा कि कनाडाई नागरिकों को गाजा से निकालना मुश्किल रहा है '' हमारी क्षमताएं सीमित हैं।

## इजराइल-हमास युद्ध में 20,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत गाजा के स्वास्थ्य अधिकारी

महज 10 हफ्तों से अधिक समय पहले शुरू हुई लड़ाई में गाजा के 80 फीसदी से अधिक लोग विस्थापित हो गए और एक बड़ा हिस्सा तबाह हो गया है। मृतकों की यह संख्या क्षेत्र की युद्ध से पहले की आबादी का एक प्रतिशत है। हमास शासित गाजा पट्टी में स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध में 20,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। यह संख्या दिखाती है कि लोगों को युद्ध का कितना खमियाजा उठाना पड़ रहा है। महज 10 हफ्तों से अधिक समय पहले शुरू हुई लड़ाई में गाजा के 80 फीसदी से अधिक लोग विस्थापित हो गए और एक बड़ा हिस्सा तबाह हो गया है।

मृतकों की यह संख्या क्षेत्र की युद्ध से पहले की आबादी का एक प्रतिशत है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने लड़ाई में 20,057 लोगों की मौत दर्ज की है। इसमें लड़ाकों और नागरिकों की मौत के आंकड़े अलग–अलग नहीं हैं। उसने पहले बताया था कि तकरीबन दो तिहाई मृतकों में महिलाएं या नाबालिग शामिल हैं।

# अर्शदीप सिंह ने जड़ा बेहतरीन छक्का, देखकर फैंस बोले वाह




अर्शदीप सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने गेंद से तो कमाल किया ही लेकिन इस बार बल्ले से भी उन्होंने ऐसा शॉट लगाया जिसकी खूब चर्चा हो रही है। इंडिया की ओर से अर्शदीप सिंह दो गेंदों पर सात रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने गेंद से तो कमाल किया ही लेकिन इस बार बल्ले से भी उन्होंने ऐसा शॉट लगाया जिसकी खूब चर्चा हो रही है। इंडिया की ओर से अर्शदीप सिंह दो गेंदों पर सात रन बनाकर नॉटआउट लौटे। उन्होंने एक दनदनाता हुआ छक्का भी लगाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं बता दें कि, अर्शदीप सिंह ने ये छक्का ब्यूरेन हेंड्रिक्स की गेंद पर लगाया। भारत के खिलाफ इस मैच में सबसे ज्यादा सफल साउथ अफ्रीकी गेंदबाज ब्यूरेन ही रहे, जिन्होंने साई सुदर्शन, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर को आउट किया। अर्शदीप का ये छक्का देखकर फैंस के साथ कमेंटेटर्स भी हैरान रह गए। दरअसल, 49वें ओवर की आखिरी गेंद थी, ऐसा लगा कि अर्शदीप बैट के मिडिल में एकदम सही जगह पर गेंद लगी, लॉन्ग ऑन के ऊपर से अर्शदीप का ये छक्का सोशल मीडिया पर धमाल मचाए हुए हैं। वहीं अर्शदीप ने चार विकेट चटकाए। इस सीरीज के दौरान अर्शदीप ने कुल 10 विकेट अपने नाम किए और दमदार गेंदबाजी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। भारत की ओर से संजू सैमसन ने इस मैच में शतक ठोका था और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# शादी के बंधन में बंधा सीएसके का ये खिलाड़ी, स्कूल क्रश को बनाया हमसफर



तुषार देशपांडे शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड नाभा के साथ शादी रचाई है। बता दें कि, नाभा गद्दामवार तुषार की स्कूल क्रश भी रह चुकी हैं। इसके बारे में खुद तुषार ने बताया था। चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड नाभा के साथ शादी रचाई है। बता दें कि, नाभा गद्दामवार तुषार की स्कूल क्रश भी रह चुकी हैं। इसके बारे में खुद तुषार ने बताया था। दोनों ने इसी साल जून में सगाई की थी और अब 21 दिसंबर को उनके साथ सात फेरे लिए। सीएसके ने अपनी इस खिलाड़ी को बधाई भी दी है। तुषार देशपांडे ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। नाभा के साथ शादी के बंधन में बंधे तुषार ने लिखा कि, एक नई शुरुआत कि लिए, दिलों का आदान–प्रदान हुआ है। तुषार ने सीएसके के 2023 सीजन में चौंपियन बनने के बाद ही अपनी गर्लफ्रेंड से सगाई की थी। सीएसके ने उन्हें इस साल रिटेन किया था।

# इमरजेंसी कारणों से साउथ अफ्रीका दौरा बीच में छोड़कर स्वदेश लौटे टपतंज ज्ञवीसप, रुतुराज गायकवाड़ हुए टेस्ट से बाहर



विराट कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारत लौट आए हैं। कुछ दिन पहले ही वे साउथ अफ्रीका पहुंचे थे, लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक फैमिली इमरजेंसी के कारण उनको स्वदेश लौटना पड़ा है।भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारत लौट आए हैं। कुछ दिन पहले ही वे साउथ अफ्रीका पहुंचे थे, लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक फैमिली इमरजेंसी के कारण उनको स्वदेश लौटना पड़ा है। टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले ये अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि वे दिग्गज बल्लेबाज हैं। इसके अलावा ओपनर रुतुराज गायकवाड़ चोटिल होने की वजह से टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, रुतुराज गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। जबकि विराट कोहली को प्रिटोरिया में चल रहे तीन दिवसीय इंट्रास्क्वाड गेम को मिस करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के मुताबिक युवा सलामी बल्लेबाज उंगली की चोट से उबर नहीं पाए हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम प्रबंधन ने रिलीज कर दिया है। वे टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। टेस्ट सीरीज के लिए हाल ही में दक्षिण अफ्रीका गए विराट कोहली को पारिवारिक आपात स्थिति के कारण भारत लौटना पड़ा। इस इमरजेंसी का सटीक विवरण स्पष्ट नहीं है, लेकिन बीसीसीआई सूत्रों का कहना है कि वह 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए समय पर जोहान्सबर्ग वापस आ जाएंगे। कोहली टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई से 3 दिवसीय अभ्यास मैच को छोड़ने की अनुमति लेने के बाद मुंबई के लिए रवाना हो गए। वे कुछ दिन पहले ही स्वदेश आए थे और 22 दिसंबर को वापस लौट सकते हैं। वहीं रुतुराज गायकवाड़ को 19 दिसंबर को पोर्ट एलिजाबेथ में खेले गए दूसरे वनडे मैच के दौरान उंगली में चोट लगी थी। इससे वे अभी तक उबर नहीं पाए। बीसीसीआई ने तीसरे वनडे मैच से पहले मेडकिल अपडेट जारी करते हुए कहा था कि उनकी उंगली में चोट है और वे मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। अब सामने आया है कि दोनों टेस्ट मैचों से पहले उनके ठीक होने की संभावना नहीं है। इसलिए उनका टीम से रिलीज कर दिया गया है।

# डीन एल्गर ने किया सन्यास का ऐलान, भारत के खिलाफ खेलेंगे आखिरी सीरीज



डीन एल्गर ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले क्रिकेट के सबसे फॉर्मेट से सन्यास का ऐलान कर दिया है। वह भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज में आखिरी बार खेलेंगे। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज डीन एल्गर ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले क्रिकेट के सबसे फॉर्मेट से सन्यास का ऐलान कर दिया है। वह भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज में आखिरी बार खेलेंगे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज 26 दिसंबर से शुरू हो रही है। पहला मैच सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका का घरेलु मैदान पर टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड है, भारत उसे कभी भी साउथ अफ्रीका में हरा नहीं पाया है। इस अहम सीरीज से पहले साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज डीन एल्गर ने सन्यास का ऐलान कर दिया है। डीन एल्गर ने 84 अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेले हैं। जिसमें खेली 149 पारियों में 5146 रन बनाए हैं। उनका टेस्ट में हाईएस्ट स्कोर 199 रन का है। एल्गर ने टेस्ट में 23 अर्धशतक और 13 शतक जड़े हैं। एल्गर ने सिर्फ 8 एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने कुल 104 रन बनाए हैं। एल्गर ने 84 टेस्ट में 15 विकेट और 8 टेस्ट में 2 विकेट चटकाए हैं।

# भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में किसी को आने की अनुमति नहीं, गिल ने जड़ा शतक




कोच के आने के बाद असल अभ्यास शुरू होते ही उन्हें बाहर जाना पड़ता है। भारतीय क्रिकेट टीम काफी समय से यदा कदा 'बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास' की रणनीति अपनाती आई है। भारतीय टीम ने 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिये अभ्यास शुरू कर दिया लेकिन इस सत्र को देखने की अनुमति मीडिया को भी नहीं थी। शुभमन गिल ने टीम में आपस में खेले गए मैच में शतक जड़कर बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। तीसरे नंबर पर उतरे गिल ने तीन दिवसीय मैच के दूसरे दिन शतक बनाया। प्रिटोरिया के टक्स ओवल मैदान पर मीडिया को भी बाहर रखा गया। पहले टेस्ट के मेजबान सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क से यह जगह 45 मिनट की दूरी पर है। अपनी रणनीति को गोपनीय रखने की कवायद में भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम प्रबंधन ने बाहरी लोगों को मैदान के भीतर आने नहीं दिया। दुनिया भर में फुटबॉल टीमें बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास करती है जहां मीडिया को सिर्फ वार्म अप देखने की अनुमति होती है। कोच के आने के बाद असल अभ्यास शुरू होते ही उन्हें बाहर जाना पड़ता है। भारतीय क्रिकेट टीम काफी समय से यदा कदा 'बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास' की रणनीति अपनाती आई है। गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल ने भी अर्धशतक जमाया। वह दूसरों को मौका देने के लिये रिटायर्ड आउट हो गए।

# बांह पर काली पट्टी बांधने पर ख्वाजा को आईसीसी की फटकार, जानें पूरा मामला



पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को आईसीसी ने फटकार लगाई है। आईसीसी के नियमों के तहत क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान किसी तरह के राजनीतिक, धार्मिक या नस्लवादी संदेश की नुमाइश नहीं कर सकते। गाजा में फलस्तीनियों के समर्थन में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को आईसीसी ने फटकार लगाई है। आईसीसी के नियमों के तहत क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान किसी तरह के राजनीतिक, धार्मिक या नस्लवादी संदेश की नुमाइश नहीं कर सकते। पाकिस्तान में जन्में ख्वाजा आस्ट्रेलिया के लिये टेस्ट खेलने वाले पहले मुस्लिम क्रिकेटर हैं। आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा ," उस्मान ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया और आईसीसी से अनुमति लिये बिना पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में निजी संदेश (बांह पर काली पट्टी) दिया। यह अन्य उल्लंघन श्रेणी में आता है और पहला अपराध होने पर उन्हें फटकार लगाई गई है।" वह दोबारा ऐसा करते हैं तो कड़ी सजा मिल सकती है।

# ब्रश करते वक्त उल्टी आना इस गंभीर बीमारी के हैं संकेत, डैमेज हो सकता है आपका ये आर्गन



आपके साथ भी कई बार ऐसा हुआ होगा कि ब्रश करने के दौरान मतली और उल्टी जैसा महसूस हुआ होगा. लेकिन अगर यह आपके साथ हमेशा हो रहा है तो आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए. हम इसलिए ऐसा कह रहे हैं कि क्योंकि यह शरीर में पित्त बढने से लेकर और दूसरी गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं. ब्रश करने के दौरान उल्टी जैसा महसूस होना कई वजहों से हो सकता है. कई बार यह गैस और एसिडिटी के कारण होता है तो वहीं कभी–कभी अपच भी इसके पीछे का कारण है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक यह शरीर में पित्त बढने के साथ–साथ लिवर से जुड़ी बीमारी के कारण भी हो सकता है. दरअसल, पेट में होने वाली गड़बड़ी को यह काफी ज्यादा प्रभावित करती है. जब खाना ठीक से नहीं पचता है तो पेट में बाइल जूस बनने लगता है और जिससे एसिड रिफ्लक्स होने लगता है. जिसके कारण मतली महसूस होता है. ऐसे में कई लोगों को वोमिटिंग भी हो जाता है.ब्रश करते समय उल्टी आने का कारण जीईआरडी की बीमारीब्रश करते वक्त उल्टी का कारण पेट में होने वाले अल्सर और गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स बीमारी का कारण हो सकता है. पेट से जुड़ी बीमारी का कारण हो सकता है. दरअसल, पेट में एसिड बढने से आपको ब्रश करने के दौरान मतली हो सकती है. ऐसे में पेट की स्थिति खराब हो सकती है.

किडनी खराब होने के हो सकते हैं संकेत

ब्रश करते वक्त उल्टी महसूस होना किडनी खराब होने के लक्षण हो सकते हैं. दरअसल, जब किडनी ठीक से फंक्शन नहीं कर पाती है तो ऐसे में पेट से जुड़ी समस्याएं होने लगती है. किडनी खराब होने का सबसे महत्वपूर्ण कारण है शरीर में क्रिएटिनिन का लेवल बढना. इससे मतली होने के साथ–साथ पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती है.समय रहते इलाज करेंअगर आपको भी ब्रश के दौरान ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए. ताकि वक्त रहते कारण का पता चल जाए और आगे का इलाज शुरू हो सके.

# दिनों–दिन आपका बच्चा भी बनता जा रहा है जिद्दी ? इन तरीकों से आएंगे परिवर्तन

बच्चे जिद्दी क्यों हो जाते हैं हर छोटी बात पर रोना, कहे गए काम को करने के लिए जिद करना, अपने विचार को मानवाने के लिए कहीं भी रोना शुरू करना, अक्सर माता–पिता के लिए समस्या बन जाता है. आज के माता–पिता इस बात से बड़ी स्थिति में संघर्ष कर रहे हैं. क्योंकि बच्चे घर से बाहर जाना कम कर रहे हैं, दोनों माता–पिता काम कर रहे हैं और बच्चे पूरे दिन घर में बोर हो रहे हैं. इस प्रकार, उनका सारा ऊर्जा गलत जगह पर जा रही है. जो मुद्दा अक्सर देखा गया है कि माता–पिता और बच्चों के बीच में विवाद के रूप में है, वह यह है कि परिवार के सदस्य कहते हैं कि बच्चे बहुत जिद्दी हो गए हैं, जबकि उन्हीं बच्चे कहते हैं कि उनके माता–पिता उन्हें समझते नहीं हैं.

बच्चों के माता–पिता अक्सर बचपन में होने वाली जिद्द के साथ संघर्ष करते हैं. यदि आप उनमें से एक हैं, तो हम लाए हैं कुछ सुझाव जिन्हें अपनाकर आप अपने जिद्दी बच्चे को बुद्धिमान बना सकते हैं. तो इंतजार किस बात का है, चलिए समझते हैं कि जिद्दी बच्चे के साथ कैसे निपटा जाए.

पसंद और नापसंद

हर बच्चा जो किसी चीज के लिए रो रहा है वह जिद्दी नहीं है. अक्सर जब आप उन पर अपनी पसंद को थोपते हैं, तो वे कमजोर होकर उसे इनकार करते हैं. जो बच्चा अपनी पसंद और नापसंद के लिए जागरूक होते है, वह जिद्दी नहीं है. इस प्रकार की स्थिति में, किसी भी कदम के पहले यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपका बच्चा जिद्दी है नहीं. जिद्दी बच्चे अपने बातों पर ही रहते हैं और आपकी सुनने को तैयार नहीं होते वे होते हैं जिद्दी.

बहस के लिए तैयार

जिद्दी बच्चे हमेशा बहस के लिए तैयार रहते हैं, इसलिए आपको उन्हें इस अवसर की अनुमति नहीं देनी चाहिए. बजाय इसके, अपने बच्चे की सुनें. जब आप उसकी सुनना शुरू करते हैं, तो वह भी आपकी तरफ ध्यान देने की कोशिश करेगा.



# सीडीओ ने भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा कराये जा रहे कार्यों का किया औचक निरीक्षण

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे 22 दिसंबर को मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने भूमि संरक्षण अधिकारी देवरिया द्वारा कराये जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार मौर्य को निर्देशित किया कि चलायी जा रही समस्त योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये जिससे कि कृषक इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठा सके, साथ ही यह भी निर्देश दिया कि कराये जा रहे कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण समय–समय पर होता रहे साथ ही योजना के प्रगति की जानकारी समय–समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें इस दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि डब्लूडी०सी०–पी०एम०के०एस०वाई0–2 0 योजना में कुल 05 माइक्रोवाटरशेड में 57 राजस्व ग्राम एवं 49 ग्राम पंचायतों का कुल 4700 हेक्टेयर क्षेत्रफल चयनित है, जिसका प्रति हेक्टेयर 22000–प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत माइक्रोवाटरशेड के ग्राम कौला मुण्डेरा का निरीक्षण किया, जिसमें कुल 04 ड्रॉप स्पिलवे बना पाया गया जिसका अनुमानित लागत 16.12 लाख है, मौक पर पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा था। कार्य प्रथम दृष्टया उपयोगी पाया गया, साथ ही ग्रामवासियों द्वारा भी बताया गया कि गाँव की उपरी उपयोगी और उपजाऊ मिट्टी बह जाया करती थी जो अब रुकगी और कटान कम होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि संरचना की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु साईड में मिट्टी का भराव कराया जाय और जो मिट्टी संरचना के इधर–उधर बिखरी हुई है उसको साईड में संरक्षित किया जाये।मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम सिरवनिया में माइक्रोवाटरशेड का निरीक्षण किया, जिसमें कुल 03 अवरोध बांध बना पाया गया, जिसका अनुमानित लागत 3.72 लाख है। कार्य प्रथम दृष्टया उपयोगी पाया गया, यह कार्य बंजर भूमि पर कराया गया है। मौके पर देखने



से यह प्रतीत होता है कि पानी का ठहराव होगा जिससे कि भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि की संभावना है साथ ही भूगर्भ जल में वृद्धि होगी। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि अवरोध बाँध के लोवर साईड में वानस्पतिक आच्छादन अवश्य कराया जाये जिससे कि संरचना का स्थायित्व बना रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम ध परियोजना सवरेजीमनी (केसरपुर) का औचक निरीक्षण किया। भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक खेत तालाब योजना में कुल 09 तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष 4.725 लाख का वित्तीय लक्ष्य निर्धारित है। लाभार्थी कृषक सुरेश शर्मा पुत्र राजा, खसरा संख्या 05 में तालाब का निर्माण कराया गया है, जिसमें पक्का इनलेट बना पाया गया। लाभार्थी कृषक द्वारा बताया गया कि इसमें भाकुर, ग्रास, नैनी आदि मछलियों का बीज डाला गया जिससे लगभग 0.50 लाख के लाभ की संभावना है। भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आप अपने स्तर से लाभार्थी कृषक को प्रेरित करें कि तालाब के बॉधो पर सब्जी ध फल की खेती करे।निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता विजयानन्द पाण्डेय एवं आलोक नायक और अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# आईजी ने देवरिया मे पुलिस चौकीयों की साफ–सफाई को लेकर किया निरिक्षण

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे शुक्रवार को देवरिया और कुशीनगर जिले में पुलिस विभाग में काफी चहल पहल देखी गयी। गोरखपुर के आई जी के आगमन को लेकर पहले से ही पुलिस लाइन से लेकर थाने और चौकियों तक साफ सफाई और रंग रोगन का काम युद्ध स्तर पर हुआ था । शुक्रवार को गोरखपुर के आईजी जे. रविंद्र गौड़ का सबसे पहले देवरिया आगमन हुआ। जनपद देवरिया के वार्षिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टोर रूम, क्वार्टर गार्द,भोजनालय व अन्य संबंधित कार्यालयों निरीक्षण कर एवं संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। लार थाने के निरीक्षण के दौरान अपने स्वागत और परेड की सलामी से आई जी प्रसन्न दिखे। उन्होंने थाना के पीछे भी जाकर पूरे परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि लार थाना की जमीन की पैमाइश कराकर पत्थर गड़वाया जाय और बाउंड्री के लिए प्रस्ताव भेजा जाय । कुशीनगर में एडीजी जोन अखिल कुमार ने जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण,ग्राम प्रधान व ग्राम प्रहरीगण के साथ संवाद करते हुए उनके विचारों को सुने । आपरेशन त्रिनेत्र, महिला सुरक्षा, पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम तथा जनसुनवाई आदि मुद्दों पर वार्ता





की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अफसर मौजूद रहे।

# अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग की अध्यक्षता में 23 दिसंबर को आयोजित होगा चौपाल कार्यक्रम

ब्यूरो

चौपाल कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सीडीओ ने संबंधी विभाग के अधिकारियों को दिया है आवश्यक निर्देशदेवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे 22 दिसंबर को अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन सुधीर गर्ग की अध्यक्षता में 23 दिसंबर को ब्लॉक भाटपाररानी अंतर्गत ग्राम पंचायत बहियारी बघेल में पूर्वाह्न 10 बजे एवं ब्लॉक लार अंतर्गत ग्राम पंचायत– खरवनिया नवीन में पूर्वाह्न 10.40 बजे से चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने आयोजित होने वाले चौपाल कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी भाटपाररानी, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी, खण्ड विकास अधिकारी भाटपाररानीध्लार को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी अपने–अपने विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन जनसामान्य के लिये किये जाने हेतु स्टाल लगाये जाने एवं अपने–अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित जनसामान्य को जानकारी देने हेतु निर्देशित करें तथा साथ ही समस्त संबंधित की उपस्थिति ग्राम पंचायत में सुनिश्चित करें तथा अपने–अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दिये जाने एवं लिखित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# डबल इंजन की सरकार सरकारी योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचा रही है–विजयलक्ष्मी गौतम

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे विधानसभा सलेमपुर के धनगड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसमे कई विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं के बारे से ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी और योगी सरकार के योजनाओं के लाभ से जो पात्र ग्रामीण छूट गए है,उन्हें भी इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए यह यात्रा चल रही है। डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचा रही है। राज्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों में प्रमाण पत्र वितरित किया। साथ ही प्रचार वाहन में लगे एलसीडी के माध्यम से विभिन्न लोक जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित सिंह बबलू,रामेश्वर सिंह,अजय दूबे वत्स,अरुण कुमार पाण्डेय,प्रमोद सिंह,फिरोज नेपाली,ओमप्रकाश, प्रकाश पाण्डेय,राजेश कुशवाहा,राम मनोहर शर्मा आदि मौजूद रहे।



# डीएम ने की डीसीसी एवं डीएलआरसी की त्रैमासिक बैठक

## श्रण जमानुपात कम पाए जाने पर जताई नाराजगी

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (क्ब्) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (क्स्त्ब) की सितम्बर–2023 की त्रैमासिक बैठक विकास भवन के गाँधी सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक में जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाने एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गयी। सितम्बर–2023 तिमाही में जनपद का ऋण जमानुपात रेसियों 38.31 प्रतिशत था। जो कि भारतीय रिजर्व बैंक की लीड बैंक योजनान्तर्गत लक्ष्य 40 प्रतिशत से काफी कम है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं 60 प्रतिशत ऋण जमानुपात के लक्ष्य के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।जनपद के लगभग सभी प्रमुख बैंकों का ऋण जमानुपात के विवरण में बताया गया कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया 21.12:, पंजाब नेशनल बैंक 25.04:, इण्डियन बैंक 27.22:, बैंक ऑफ इण्डिया 30.86:, भारतीय स्टेट बैंक 34.56:, बड़ौदा यू.पी. बैंक 35.59:, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया 31.40:, केनरा बैंक 38.76: ऋण जमानुपात है। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंकों को मानिटरेबल ऐक्शन प्लान के अनुसार ऋण



जमानुपात के त्रैमासिक लक्ष्यों को प्राप्त कर मार्च 2024 तक ऋण जमानुपात रेसियो के 40: के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। कृषि, उद्योगो एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण को बढ़ावा देकर जनपद के ऋण जमानुपात रेसियो को 40: का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश जारी किया गया है। बैठक में सभी शासकीय योजनाओं स्वयं सहायता समूहों, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यवसाय ऋणों एवं पी० एम० स्वनिधि हेतु जिन बैंकों में ऋण पत्रावलियों काफी दिनों से स्वीकृत एवं वितरण के लिए लम्बित है उन बैंकों के शाखा प्रबन्धक एवं जिला समन्वयक के विरूद्ध जिलाधिकारी ने उनके राज्य नियंत्रक कार्यालय को पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया। वार्षिक ऋण योजना में सितम्बर 2023 त्रैमास की उपलब्धि 50.02: रही, परन्तु सबसे बड़े क्षेत्र कृषि की उपलब्धि मात्र 18.96: रहीं जो कि काफी असंतोषजनक है। जिस पर अध्यक्ष जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं सभी बैंकों को कृषि विभाग, मस्त्य विभाग, पशुपालन विभाग से समन्वय स्थापित कर कृषि क्षेत्र में तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिमाह एक मेगा ऋण शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। इस बैठक में जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबन्धक शिव कुमार को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं में ऋण प्रस्तावों का वितरण बढ़ाये एवं आगामी बैठक में पूरे आंकड़ों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। धर–धर के०सी०सी० अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा समस्त बैंकों की शाखावार सूची मांगी गयी है और मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय द्वारा ऋण स्वीकृत एवं वितरण हेतु बैंक शाखावार दूरभाष द्वारा फालोअप करने के लिए निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शासकीय योजनाओं में सैद्धान्तिक स्वीकृति देना बन्द करें और सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर समय से ऋण पत्रावलियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सभाध्यक्ष ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि समस्त एन.पी.ए. खातों की आर०सी० काटना सुनिश्चित करें। साथ ही पी०एम०स्वनिधि के वेण्डरों को डिजटली ऐक्टिव करने हेतु सभी बैंकों को विकास खण्डवार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये गये। शिक्षा ऋण के लिए सभी बैंकों को आसान एवं सुलभ तरीके से अधिक से अधिक ऋण स्वीकृति एवं वितरण करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। अन्त में अग्रणी जिला प्रबन्धक अरुणेश कुमार ने सभी बैंको द्वारा अपेक्षित प्रगति के आश्वासन के साथ सभी उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, सदर विधायक के प्रतिनिधि नवीन सिंह, अग्रणी जिला अधिकारी मार्कण्डेय चतुर्वेदी, अग्रणी जिला प्रबन्धक अरूणेश कुमार, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड सूरज शुक्ला, उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह, बडौदा यूपी, बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक भीमा एवं तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं जिला बैंक समन्वयक भी उपस्थित रहें।

# 142 सांसदों को निलंबित कर भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अप्रत्याशित हमला किया–जयदीप त्रिपाठी

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे भाजपा सरकार के खिलाफ शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल देवरिया पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए वहां से कांग्रेस का जत्था पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जयदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में, नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।वहां पर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एएसडीएम सीमा पांडेय को दिया।जिलाधिकारी कार्यालय पर संबोधित करते हुये जयदीप त्रिपाठी ने कहा जैसा कि आप जानते हैं कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अप्रत्याशित हमला करते हुए दोनों सदनों से 142 सांसदों को निलम्बित कर दिया है। सरकार का यह कृत्य हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों की हत्या और हमारी संसद को लोकतंत्र के कब्रिस्तान में बदल जाने के रूप में वर्णित किया जा



रहा है ।19 दिसम्बर को नई दिल्ली में बुलाई गयी इंडिया अलायंस पार्टियों की बैठक में, मजबूती और एकता के साथ भाजपा सरकार के इस कृत्य का जवाब देने का निर्णय लिया गया है। अ०भा० कांग्रेस कमेटी के परिपत्र सं०–व्तह–7ध 1523 19–12–2023 के क्रम में 142 सांसदों के निलम्बन और हमारी लोकतांत्रिक नींव पर मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे हमले का जोरदार विरोध करते है।सांसदों के निलम्बन व हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के निर्मम हनन के लिए सामूहिक तिरस्कार का प्रदर्शन करना है। अब पहले से कहीं अधिक, हमें लोकतंत्र के इस अपमान के खिलाफ एक साथ खड़े होने की जरूरत हैं। इस उद्देश्य के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता सर्वोपरि है। साथ मिलकर, हम न केवल अपनी असहमति व्यक्त करेंगे बल्कि अपने महान राष्ट्र की लोकतांत्रिक आत्मा के प्रति अपने अटूट समर्पण को भी प्रदर्शित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय –पूर्व मंत्री के निर्देश पर हम सभी कांग्रेस जन भाजपा सरकार के उपरोक्त तानाशाही रवैये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर, हम सभी कांग्रेस जन लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने में अपना महत्पूर्ण योगदान दे रहे है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी, पीसीसी सदस्य विजय शेखर माल रोशन, नागेंद्र शुक्ला, ऋषिकेश मिश्रा, उत्तेज मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा, अशोक कुशवाहा, गंगा शरण कुशवाहा, सुनील तिवारी, चंद्रमोहन पांडेय, प्रमोद मल्ल, मेराज अहमद, हरिश्चंद्र सिंह,गिरिराज तिवारी, पन्नालाल पाठक, कमलेश मिश्रा, शंभू नाथ दीक्षित, रविंद्र माल, विनोद दुबे, संदीप पांडेय, उपस्थित रहे।

# एकजुट हों हिंदू, मोदी को फिर बनाएं प्रधानमंत्री

संवाददाता

बांदा। रामलीला मैदान से ऐतिहासिक विराट हिन्दू महासम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान कार्यकर्ता, पदाधिकारी और पूरे राष्ट्र से आए अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा समर्थक मंच पुरषोत्तम नारायण श्रीवास्तव और राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू के अलावा राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू ने संबोधित किया। कहा कि हिंदुओ को जात–पात में नहीं बटना चाहिए। पूरे देश के हिंदुओ को एक साथ एकजुट होकर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में रामराज्य की विचार धारा पर कार्य करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारी बहुमत से लगातार तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने का आह्वाहन किया। विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी, भारतीय जनता पार्टी के क्रांतिकारी युवा नेता आयुषनाथ त्रिपाठी, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, अमित सेठ भोलू और रविंद्रनाथ गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। हिंदुओ से अपील की हमेशा इन सनातनी बब्बर शेरो का साथ दें। इस भव्य आयोजन में अनके सांस्कृतिक आयोजन भी हुए। इसमे झलिया ग्रुप द्वारा वृंदावन की झाकियों का मंचन, रमेश पाल की टीम द्वारा बुंदेलखंड का प्रसिद्ध दिवारी नृत्य, एवरग्रीन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि द्वारा सभी सम्मानित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हिंदू रत्न सम्मान, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी को सनातन विरोधी पार्टी कहते हुए राजस्थान में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामनी की हत्या की घोर निन्दा की। जनता से अपील की कि राष्ट्र में प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक सिर्फ और सिर्फ भाजपा का ही चुनें ताकि भारत विश्व की महाशक्ति बन सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना सुनील मिश्रा, प्रदेश महासचिव सुशील महाराज, प्रदेश कार्यालय प्रभारी प्रियंका और कविता, प्रदेश जोन प्रभारी अश्वनी, अंकिता श्रीवास, शालिनी द्विवेदी, अध्यक्ष बुंदेलखंड धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष बुंदेलखंड अशोक दीक्षित, अध्यक्ष बुन्देलखण्ड मातृशक्ति प्रकोष्ठ अनीता गुप्ता, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी प्रिंस, जिलाध्यक्ष युवा सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष मातृशक्ति सुलोचना, जिला महासचिव विनय कुमार, संदीप गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सुनील सोनी, देवीकिशोर शुक्ला, अंकित शर्मा, जितेंद्र राजपूत, जितेंद्र त्रिपाठी सहित राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना और भाजपा समर्थक मंच के अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीनदयाल सोनी ने किया।

# प्रधानाध्यापक का कमाल, 60 बच्चों पर आधा किलो दाल

## –ग्रामीणों ने मचाया हंगामा, एक घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

## –मौके पर पहुंचे एबीएसए, बीएसए को सौपेंगे जांच रिपोर्ट

संवाददाता।

बांदा । जनपद में मिड–डे मिल व्यवस्था धड़ाम होकर रह गयी है। बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए चलाई गयी इस योजना में जमकर खेल किया जा रहा है। बच्चों का पेट भरने की बजाय विद्यालय के जिम्मेदार अपनी जेब भर रहे हैं। मसलन गुरूवार को कम्पोजिट विद्यालय इटवा मे क्षेत्र नरैनी में 60 बच्चों के बीच में प्रधानाध्यापक ने 500 ग्राम दाल बनवाई। अभिभावकों को पता चला तो विद्यालय पहुचकर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने बीएसए को एबीएसए को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एबीएसए ने हालात देखे, तो ग्रामीणों की जुबानी सही पाई गयी। प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाते हुये एबीएसए ने चेतावनी दी कि भविष्य में पुनरावृत्ति न हो। उन्होनें कहा कि पूरे मामले की रिपोर्ट बीएसए को सौपेंगे, फिर जिम्मेदार पर कार्यवाही की जायेगी।

गरीब और बेसहारा बच्चो को विद्यालय में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराये जाने के लिए सरकार के द्वारा मिड–डे मिल योजना का संचालन किया जा रहा है। बच्चों की उपस्थिति के मुताबिक सभी विद्यालयों को धनराशि भी उपलब्ध कराई जाती है, ताकि गरीब बच्चों का पौष्टिक आहार से पेट भरा जा सके। अफसोस की बात यह है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इस योजना को पलीता लगाते हुये प्रधानाध्यापक बच्चों का पेट भरने के बजाय अपनी जेब भर रहे हैं। मासूम बच्चों के निवाले पर सरे आम डाका डाला जा रहा है। इसका जीता–जागता उदाहरण गुरूवार को नरैनी क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय इटवा में देखने को मिला। वहां के प्रधानाध्यापक चंद्रगुप्त ने बाजीगरी दिखाते हुये गुरूवार को पंजीकृत 60 बच्चों के बीच में 500 ग्राम दाल बनवाई। दाल को पकाया गया तो वह 400 ग्राम नही बची। इस बात की जानकारी बच्चों के अभिभावकों को हुई तो वह विद्यालय जा धमके। पतीला देखा तो उसमें थोड़ी ही दाल बची थी। यह देखकर अभिभावक आग बगूला हो गये और प्रधानाध्यापक को जमकर खरीखोटी सुनाई। एबीएसए को फोन करके सूचना दी गयी। खबर पाकर नरैनी एबीएसए रवींद्र वर्मा मौके पर पहुंचे और जांच की तो अभिभावकों की बात सही पाई गयी।

एबीएसए ने प्रधानाध्यापक चंद्रगुप्त को जमकर फटकारा कहा कि बच्चों का पेट भरने में कटौती की गयी तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

चेतावनी देते हुये कहा कि भविष्य में दोबारा पुनरावृत्ति न हो। एबीएसए ने कहा कि वह अपनी जांच रिपोर्ट बीएसए को सौपेंगे। इसके बाद प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।